भावी डॉक्टरों के लिए दिनभर खड़े रहे कलेक्टर, एसपी

- परीक्षा के पहले मिला महाकाल का प्रसाद
- सीएम सिटी में सुरक्षित रही नीट की एग्जाम
- 8 सेंटर में 4171 विद्यार्थी आए

नवभारत न्यूज

उज्जैन. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा नीट परीक्षा में शामिल होने वाले 4 हजार से अधिक परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर नि:शुल्क जलपान, अल्पाहार और पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई. मंदिर के अन्नक्षेत्र से पहुंचे प्रसाद और अल्पाहार ने विद्यार्थियों को परीक्षा से पहले सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की तो अभिभावकों को भी राहत का एहसास कराया.

डॉक्टर बनने का सपना आंखों में लिए हजारों विद्यार्थी रविवार को नीट-2026 परीक्षा देने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे. किसी के चेहरे पर उत्साह था तो किसी के मन में घबराहट, वहीं परीक्षा केंद्रों के बाहर माता-पिता की आंखों में अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदें झलक रही थीं. ऐसे भावनात्मक माहौल में महाकाल की नगरी ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया.

सुरक्षा ऐसी परिंदा पर न मार पाए : उज्जैन में नीट की एग्जाम जिन आठ केंद्रों पर संपन्न हुई उसमें सुरक्षा के चाक़चौबंद इंतजाम किए गए थे. तीन लेयर में सुरक्षा पैमाना रखा गया था जिसमें सबसे पहले मेटल डिटेक्टर रखे गए. इसके बाद स्कूल कॉलेज के अधिकारी कर्मचारी टीचरों ने जांच की. सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए, आखिरी में पुलिसकर्मियों ने भी रूम के अंदर जाने के पहले जांच की, ड्रोन से भी निगरानी की गई. हाथ में बंधे कलावा भी छात्रों के उतरवाए गए चप्पल जूते उतरवा गए, सॉक्स भी नहीं पहने दिए गए और लड़कियों ने महिलाओं ने जो श्रृंगार की सामग्री पहन रखी थी, वह भी उतारी गई.

ये थे 8 केंद्र : गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर, कालिदास गर्ल्स कॉलेज सहित शहर के आठ परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही व्यवस्थाएं शुरू हो गई थीं. कई विद्यार्थी परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले महाकाल का प्रसाद ग्रहण कर सफलता की कामना करते नजर आए.

डटे रहे कलेक्टर एसपी : इस दौरान कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर परीक्षा केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. दोनों अधिकारियों ने केंद्र के बाहर मौजूद अभिभावकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं और सुझाव जाने. उन्होंने अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है.

अभिभावकों ने की सराहना: परीक्षा केंद्रों के बाहर कई अभिभावक घंटों तक अपने बच्चों के बाहर आने का इंतजार करते रहे. इस दौरान उन्हें छांव, पेयजल और अल्पाहार की सुविधा मिलने से बड़ी राहत मिली. अभिभावकों ने प्रशासन और मंदिर समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि परीक्षा के तनावपूर्ण माहौल में यह व्यवस्था किसी संबल से कम नहीं है.

पोहा जलेबी और चाय महाकाल से आई

कलेक्टर सिंह ने कहा कि परीक्षा देने आने वाले विद्यार्थियों और उनके साथ आए अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहयोग से स्वल्पाहार, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है. उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए अभिभावकों का भी उत्साहवर्धन किया.

भिण्ड के लहार में अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

भिण्ड. जिले के लहार थाना पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किये. यह कार्रवाई पर्रायच गांव के पास की गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस कल देर रात गश्त कर रही थी तभी रेत से भरे दो ट्रैक्टर निकलते दिखे. पुलिस ने उन्हें रोका और चालकों से रॉयल्टी सहित रेत परिवहन के आवश्यक दस्तावेज मांगे. इस पर दोनों चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गए. पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को आरक्षकों की मदद से थाने पहुंचाया. वहां ट्रैक्टरों पर लिखे चेसिस नंबरों के आधार पर अवैध रेत चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है. लहार थाना प्रभारी शिवसिंह यादव ने आज यहां बताया कि दोनों ट्रैक्टरों के दर्ज नंबरों के आधार पर मामला पंजीकृत किया गया है.

'ट्रांसफर इंडस्ट्री' पर कांग्रेस का हमला

विशेष संवाददाता

भोपाल, 21 जून. प्रदेश में कथित 'ट्रांसफर इंडस्ट्री' को लेकर राजनीतिक विवाद और गहरा गया है. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हाल में सामने आए मीडिया स्टिंग ऑपरेशन का हवाला देते हुए सरकार पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है और पूरे मामले की स्वतंत्र न्यायिक जांच कराने की मांग की है.

प्रदेश नेतृत्व को संबोधित एक खुले पत्र में पटवारी ने प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि स्थानांतरण अब योग्यता और प्रशासनिक आवश्यकता के बजाय आर्थिक लेन-देन से प्रभावित होने लगे हैं. उन्होंने कहा कि जिन आरोपों को अब तक सत्तापक्ष राजनीतिक बयानबाजी बताकर खारिज करता रहा, मीडिया जांच के बाद वे अधिक गंभीर प्रतीत हो रहे हैं.

पटवारी ने दावा किया कि नियमों और जनहित के आधार पर होने वाली स्थानांतरण प्रक्रिया कथित तौर पर ऐसी व्यवस्था में बदल गई है, जहां पदस्थापन योग्यता के बजाय 'बोली' के आधार पर तय किए जाने की चर्चा हो रही है. उन्होंने कहा कि स्टिंग ऑपरेशन में सामने आए कथित दावों के अनुसार एक नर्स के तबादले के लिए पांच लाख रुपये और एक एसडीओ के तबादले के लिए 15 लाख रुपये तक की मांग किए जाने की बातें बेहद चिंताजनक हैं. उनके अनुसार, ऐसे आरोप चाहे बाद में सिद्ध हों या नहीं, वे शासन-प्रशासन की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के भरोसे को प्रभावित करते हैं.

न्यायिक जांच की मांग



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन में शीर्ष स्तर पर अधिकारियों के लगातार हो रहे फेरबदल का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान कार्यकाल के दौरान लगभग 35 से 40 अधिकारियों के तबादले किए जा चुके हैं, जिनमें कुछ अधिकारी केवल कुछ सप्ताह तक ही पदस्थ रहे. उन्होंने कहा कि इतनी तेजी से हो रहे बदलावों की गंभीर समीक्षा आवश्यक है. पटवारी ने सरकार के समक्ष तीन प्रमुख सवाल रखे हैं—क्या प्रदेश में ट्रांसफर इंडस्ट्री संचालित हो रही है, क्या स्टिंग ऑपरेशन में सामने आए दावों की स्वतंत्र न्यायिक जांच कराई जाएगी और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है. पत्र सार्वजनिक होने के बाद यह मुद्दा एक बार फिर प्रदेश की राजनीति के केंद्र में आ गया है.

बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, 7 गिरफ्तार

बड़वानी, 21 जून. जिले के सेंधवा शहर के जोगवाड़ा रोड क्षेत्र में बच्चों को लेकर शुरू हुआ विवाद दो दिनों तक हिंसक झड़पों में बदल गया, जिसमेंं 10 लोग घायल हो गए. पुलिस ने तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर 13 लोगों को आरोपी बनाया है तथा सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

सेंधवा शहर पुलिस सूत्रों के अनुसार जोगवाड़ा रोड स्थित देवझिरी क्षेत्र में पांच हथियार धारी लोगों ने अब्दुल करीम के घर पर बेसबॉल बैट और चाकुओं से हमला कर दिया. इस हमले में छह लोग घायल हो गए. घटना के बाद पुलिस ने सिकंदर और शाहरुख की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज करते हुए कुल नौ लोगों को आरोपी बनाया.

शनिवार को स्थानीय मस्जिद में नमाज के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद फिर भड़क गया. आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने फरदीन और उसके तीन साथियों पर तलवारों से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए. फरदीन की शिकायत पर पुलिस ने शाहरुख सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है.



मप्र में अभी मानसून का करना होगा इंतजार

- 25 जून तक प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना
- प्रदेश के 55 में से 45 जिलों में वर्षा में कमी दर्ज

भोपाल, 21 जून. मध्य प्रदेश में मानसून की चाल सुस्त पड़ने से बारिश का संकट गहराता जा रहा है. सामान्य तिथि से करीब छह दिन की देरी के कारण प्रदेश के 55 में से 45 जिलों में वर्षा की कमी दर्ज की गई है. मौसम विभाग के अनुसार अब मानसून के 25 जून तक प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है. तब तक प्री-मानसून गतिविधियां ही मौसम का मिजाज तय करेंगी.

रविवार को इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल समेत 37 जिलों में तेज हवा, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि भोपाल, उज्जैन, सागर, नर्मदापुरम, विदिशा और रायसेन समेत कुछ जिलों में मौसम अपेक्षाकृत साफ रह सकता है.

मानसून की देरी का सबसे ज्यादा असर पूर्वी मध्य प्रदेश पर दिखाई दे रहा है. जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में सामान्य से करीब 65 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है. वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभागों में वर्षा का आंकड़ा औसत से लगभग 30 प्रतिशत नीचे है.

मानसून की देरी का असर खरीफ सीजन पर भी साफ नजर आ रहा है. प्रदेश के कई इलाकों में किसान अब तक सोयाबीन, उड़द, मूंग और तुअर जैसी फसलों की बुवाई शुरू नहीं कर पाए हैं. कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सुरक्षित बोवनी के लिए कम से कम 4 इंच बारिश जरूरी है, ताकि खेतों में पर्याप्त नमी बन सके. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून फिलहाल दक्षिण भारत से आगे बढ़ रहा है और 23 जून तक छत्तीसगढ़ पहुंच सकता है. परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो 25 जून के आसपास मध्य प्रदेश में इसकी दस्तक होने की संभावना है.

स्टेशन पर हुए हत्याकांड के दोनों आरोपी 6 दिन में दबोचे, चाकू भी बरामद

इंदौर. उज्जैन रेलवे स्टेशन पर हुए चर्चित हत्याकांड में फरार दोनों आरोपियों को जीआरपी ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया. वारदात के बाद से फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने तकनीकी जांच और मुखबिर की मदद से दबोचा. दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है.

घटना 14 जून की है, उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर हनुमान मंदिर के पास पुरानी रंजिश में दीपक परमार पर चाकू से हमला किया था. गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. वारदात के बाद आरोपी दीपक राव उर्फ कबीर और राकेश पांचाल मौके से फरार हो गए थे. मामले के बाद जीआरपी ने टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू की. उज्जैन के साथ नागदा, मक्सी और देवास तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. फुटेज को जोड़कर आरोपियों की मूवमेंट ट्रेस की गई. इसी दौरान पुलिस ने फेस रिकग्निशन और मुखबिर नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए मुख्य आरोपी दीपक राव उर्फ कबीर को पकड़ लिया. पुलिस रिमांड में पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर दूसरे आरोपी राकेश पांचाल को भी गिरफ्तार कर लिया. साथ ही वारदात में इस्तेमाल खटकेदार चाकू भी बरामद किया. पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिससे मामले से जुड़े अन्य पहलुओं का खुलासा होने की संभावना है.

सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन

मुरैना, 21 जून. रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का मुख्य आयोजन जीवाजी गंज स्थित टाउन हाल में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इस अवसर पर मंत्री, महापौर, पुलिस अधीक्षक, प्रभारी कलेक्टर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया. जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में सभी अतिथियों ओर नागरिकों ने स्वस्थ आयु, निरोगी काया के लक्ष्य के साथ विभिन्न योगाभ्यास ओर प्राणायाम किए.

तस्करों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

प्रदेशभर में 2.9 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती

विशेष संवाददाता

भोपाल, 21 जून . मध्यप्रदेश पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान तेज करते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में समन्वित कार्रवाई कर बड़ी सफलता हासिल की है. पिछले दस दिनों के दौरान तकनीकी खुफिया जानकारी और मैदानी निगरानी के आधार पर संचालित अभियानों में पुलिस ने नशीले पदार्थों, वाहनों तथा अन्य संपत्तियों सहित 2.9 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सामग्री जब्त की है.

सबसे बड़ी कार्रवाई भोपाल में की गई, जहां क्राइम ब्रांच ने 170.09 किलोग्राम गांजा, 396 एल्युमिनियम इंगट तथा तस्करी में प्रयुक्त एक आयशर ट्रक बरामद किया. इस मामले में करीब 1.33 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया. मंदसौर में पुलिस ने 607 किलोग्राम डोडाचूरा, 600 ग्राम एमडी ड्रग्स और तस्करी में प्रयुक्त वाहनों सहित लगभग 66.3 लाख रुपये की सामग्री जब्त की तथा सात आरोपियों को गिरफ्तार किया.

भोपाल स्टेशन पर हरित भारत अभियान शुरू

- रेलवे स्टेशन पर 500 फलदार पौधे बांटे गए
- यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

भोपाल, 21 जून. पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भोपाल रेलवे स्टेशन पर रविवार को 'हरित युवा-हरित भारत अभियान' का शुभारंभ किया गया. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में आयोजित इस अभियान में यात्रियों और आमजन को 500 नि:शुल्क फलदार पौधे वितरित किए गए.

कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश समाज सेवा संस्थाआईसीवाईएम , वाईसीएस एंव एमआईजेएआरसी के संयुक्त सहयोग से हुआ.

कार्यक्रम में स्टेशन निदेशक आशीष दुबे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. वहीं मुख्यालय अधीक्षक (वाणिज्य) हैरिस लाल, डिप्टी एसएस राकेश और सेवानिवृत्त रिजर्वेशन सुपरिटेंडेंट सुरेन्द्र मोहन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए. इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई.

अभियान के तहत स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को पौधे वितरित कर वृक्षारोपण, जल संरक्षण और हरित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया.

आगजनी के बाद चक्काजाम विवाद ने लिए हिंसक रूप

- मड़वास थाना के जोगीपहाड़ी गांव का मामला

सीधी. जिले के मड़वास थानांतर्गत जोगीपहाड़ी गांव में रविवार सुबह दो साकेत परिवारों के बीच लंबे समय से चले आ रहे जमीनी एवं रास्ते के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया.

आरोप है कि विवाद के चलते एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के खपरैल मकान में आग लगा दी, जिसके बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मझौली-मड़वास मार्ग पर चक्का जाम कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की.

पीड़ित पक्ष के अवधेश साकेत का आरोप है कि रास्ते के चौड़ीकरण को लेकर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था. इस संबंध में उन्होंने 18 एवं 19 जून को पथरौला चौकी में शिकायत भी दर्ज कराई थी. उनका कहना है कि शिकायत पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते रविवार सुबह करीब 5:30 से 6 बजे के बीच आरोपियों ने महिलाओं को आगे कर उनके घर में आग लगा दी. घटना की जानकारी मिलते ही मड़वास थाना पुलिस मौके पर पहुंची.

कूनो संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

एशियाई शेरों की बसाहट सुनिश्चित कराने की मांग

श्योपुर, 21 जून. जिले में कूनो राष्ट्रीय उद्यान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन के ठीक पहले रविवार को कूनो संघर्ष समिति ने गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा.

समिति के संयोजक अतुल चौहान के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कूनो राष्ट्रीय उद्यान में गुजरात के गिर अभयारण्य से एशियाई शेरों की बसाहट सुनिश्चित कराने की जोरदार मांग उठाई गई.

धरने के दौरान समिति पदाधिकारियों ने कहा कि कूनो को देश में एशियाई शेरों के दूसरे घर के रूप में विकसित करने की योजना कोई नई नहीं है. भारतीय वन्यजीव संस्थान के सर्वे के बाद वर्ष 1993-94 में कूनो को शेरों के लिए सबसे उपयुक्त और सुरक्षित स्थान माना गया था. इसी उद्देश्य से 25 गांवों और लगभग 4545 परिवारों का विस्थापन भी किया गया, ताकि जंगल को मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त किया जा सके.

ज्ञापन में समिति ने दावा किया कि गिर अभयारण्य में बीते वर्षों के दौरान सैकड़ों शेरों की मौत विभिन्न कारणों से हुई है. ऐसे में एशियाई शेरों की सुरक्षा के लिए उनका दूसरा आवास विकसित करना राष्ट्रीय आवश्यकता बन गया है.

'एशियाई शेर पूरे देश की धरोहर

समिति ने सर्वोच्च न्यायालय के वर्ष 2013 के उस निर्णय का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि 'एशियाई शेर पूरे देश की धरोहर हैं, किसी एक राज्य की नहीं और कूनो में उनकी बसावट के निर्देश दिए गए थे. समिति का कहना है कि वर्तमान में चल रही चीता परियोजना और एशियाई शेरों की बसावट एक-दूसरे के विरोध में नहीं हैं.

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस | सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ योग आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

पुलिस परिवार ने किया योग

विशेष संवाददाता

भोपाल, 21 जून. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस ने पुलिस परिवारों के बीच स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया. पुलिस मुख्यालय भोपाल की कल्याण शाखा द्वारा 25वीं वाहिनी के सभागार में योग सत्र आयोजित किया गया, जिसके बाद धृति 23वीं वाहिनी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीमा मकवाणा के साथ प्रियंवदा सक्सेना, अनुपमा कुमार, टिंग रॉय, भारती प्रसाद तथा गीता गोस्वामी उपस्थित रहीं. नेहरू नगर पुलिस लाइन, 23वीं, 25वीं और 7वीं विशेष सशस्त्र बल वाहिनी तथा पुलिस मुख्यालय के झूलाघर से जुड़ी महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की. योग सत्र में सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ योग आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनके माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, आत्मानुशासन और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया गया. प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया. कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण के साथ हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का संदेश दिया गया. संपूर्ण आयोजन सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण) इरमीन शाह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.

नदी में गिरने से 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत

दमोह. रविवार रात को लग्नोत्सव समारोह से लौटते समय निस्तार के लिए उतरे 30 वर्षीय व्यक्ति की हिनौता घाट सुनार नदी में गिरने से मौत हो गई. घटना जेरठ चौकी, पथरिया क्षेत्र की है. प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यक्ति को तत्काल उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया.पुलिस ने बताया कि मृतक गुड्डू पिता बद्री प्रसाद पाठक उम्र 30 वर्ष निवासी घुराटा, बटियागढ़/हाल रूसंदी थाना मगरोन का रहने वाला था. पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है.

पेज एक का शेष

योग वैश्विक जीवनशैली

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बढ़ती उम्र को कमजोरी नहीं, बल्कि नई संभावनाओं के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए. प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि जैसे-जैसे उम्र बढ़े, हमारी ऊर्जा और क्षमता कम न हो, बल्कि और अधिक मजबूत बने. प्रधानमंत्री ने सरकार की साल भर चलने वाली योग पहल में लोगों की भागीदारी का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा, कि 365 दिन के कार्यक्रम के तहत, 130 देशों के 30 लाख लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रेड रोड पर हुए मुख्य कार्यक्रम के अलावा कोलकाता में कई जगहों पर योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शहर भर से लगभग 10 लाख लोगों के शामिल हुए. प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि योग आज पूरी दुनिया में एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है. उन्होंने कहा कि यह केवल भारत की परंपरा नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक उपहार है. योग के माध्यम से लोग तनावमुक्त जीवन जी सकते हैं और अपने दैनिक जीवन में संतुलन स्थापित कर सकते हैं. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि योग अब केवल एक दिन का आयोजन नहीं रहा, बल्कि यह पूरे वर्ष चलने वाली प्रक्रिया बन चुकी है, जिसमें दुनिया के कई देश शामिल हो रहे हैं. योग दिवस के अवसर पर कोलकाता के कई स्थानों पर सामूहिक योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया. पूरे आयोजन के दौरान वातावरण सकारात्मक और ऊर्जा से भरपूर रहा. यह आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति और सामाजिक एकता का भी प्रतीक बना.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60